जमशेदपुर के अनंत राणा बने ‘आयरन मैन’

चर्चा में क्यों?

22 नवंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार गोवा में आयोजित आयरनमैन इंडिया 3 कंपीटीशन में झारखंड के जमशेदपुर में सोनारी के अनंत राणा ने इतिहास रचते हुए दुनिया की मुश्किल ट्राइथलॉन कंपीटीशन (साइकलिंग, स्विमिंग व रनिंग) में ‘आयरनमैन’का टैग हासिल किया।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि अनंत राणा टाटा स्टील में कार्यरत् हैं।
- इस कंपीटीशन में अनंत राणा ने 9 कि.मी. स्विमिंग 36 मिनट में, 90 कि.मी. साइकलिंग 2:52 घंटे में और 21 किमी. रनिंग 1:47 घंटे में पूरी करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर यह खिताब जीता है। उन्होंने तीनों स्पर्धाएँ कुल 5:27 घंटे में पूरी की।
- वहीं हैदराबाद के नेहाल बेग ने 4:29 घंटे में तीनों स्पर्धाओं को पूरा करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है।
- गोवा में आयोजित इस कंपीटीशन में पूरी दुनिया से कुल 1600 सुपर एथलीटों ने हिस्सा लिया था।
- उल्लेखनीय है कि आयरनमैन फेडरेशन पूरी दुनिया में इस कंपीटीशन का आयोजन करता है। इसमें शामिल तीनों स्पर्धाओं को 8:30 घंटे में पूरा करना होता है। निर्धारित समय में पूरा करने वाले एथलीट को ‘आयरनमैन’का खिताब मिलता है। तीनों स्पर्धाओं की कुल दूरी 3 माइल होती है। इसलिये इसे ‘आयरनमैन 70.3’ कहा जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/anant-rana-of-jamshedpur-became-iron-man